जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!



# शहीद भगत सिंह को किया नमन

By **Shreyash Panchal** September 28, 2022

1 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 28-09-2022 को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की 115 वीं जयंती पर सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन जी ने उन्हें श्रद्धासुमन भेंट कर इतिहास में उनके अमर बलिदान को याद किया और कहा कि मां भारती को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने हेतु, स्वयं की आहुति देने वाले अमर बलिदानी,राष्ट्रीय नायक भगत सिंह से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागण व विद्यार्थियों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ जयपाल सिंह ने शहीद भगत सिंह का संक्षिप्त जीवन परिचय विद्यार्थियों से साझा किया। इतिहास विभाग की ही असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुप्रिया ढांडा ने शहीद भगत सिंह के भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों में डॉ अशोक कुमार निराला, डॉ रामचंद्र व श्री सुभाष ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने भगत सिंह ज़िंदाबाद , भगत सिंह अमर रहे के जोशिले नारों से वातावरण को देशभक्तिमय कर दिया।